मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 16/03/2026

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति -- 133/2026
16 मार्च 2026
झारखंड विधानसभा, रांची
==========================
झारखंड विधानसभा परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन, मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने स्वयं रक्तदान कर किया शुभारंभ।
==========================

झारखंड विधानसभा परिसर स्थित विधानसभा औषधालय में आज स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने स्वयं रक्तदान करते हुए शिविर का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने रक्तदान को एक महान मानवीय कार्य बताते हुए कहा कि यह ऐसा पुण्य कार्य है, जिससे अनेक जरूरतमंदों को नया जीवन प्राप्त होता है। उन्होंने विधानसभा के सभी सदस्यों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। साथ ही, समाज के प्रत्येक वर्ग से रक्तदान के महत्व को समझने और इसे नियमित रूप से अपनाने की अपील की।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री रविन्द्र नाथ महतो, मंत्रीगण, विधायकगण तथा विधानसभा के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।========#Team PRD(CMO)